




# पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर राजधानी में भी आक्रोश

## कई जगह हुए प्रदर्शन, कड़ी कार्यवाही की मांग, मुस्लिम समाज ने पाकिस्तान के पुतले पर थूका, आतंकवाद का पुतला जलाया

भोपाल(काप्र)।

**दुनिया की जन्नत कहे जाने वाले जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 27 पर्यटकों की मौत के बाद देशभर में आक्रोश फैला हुआ है। हैवानियत भरी इस हरकत की निंदा और विरोध करते हुए भोपाल में कई जगह प्रदर्शन किया गया।**

मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड कार्यालय के बाहर वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सनोवर पटेल के नेतृत्व में, जय हिंद सेना ने भारत माता चौराहे पर और पुराने शहर के चार बत्ती चौराहे पर कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला जलाते हुए आंतकवादियो के खिलाफ कड़े से कड़े कदम उठाने की मांग की। मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड के कार्यालय के बाहर आतंवाद का पुतला दहन किये जाने के दौरान पुतला दहन के दौरान मुस्लिम समाज के लोगों ने आतंकवाद और पाकिस्तान के पुतले पर थूंककर आक्रोश जताया। वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सनोवर पटेल ने कहा कि यह कृत्य इंसानियत के खिलाफ है। जहां तक धर्म की बात है, तो देश के भाई चारे, मोहब्बत को बिगाड़ने का प्रयास है। देश की जनता इस बात को कभी स्वीकार नहीं करती। इसी का परिणाम है, कि देश भर में आज मुसलमान भाई बाहर निकले हैं और इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कड़ी सजा देने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन आतंकवादियों के पीछे पनाहगार पाकिस्तान है। जो ऐसी घटना करने के बाद इनको छिपाने का काम करता है। उन कायरों ने ऐसे समय हमला किया है जब इस देश में मजबूत सरकार है। इस कृत्य का उन्हें कड़ा जवाब मिलेगा। पूरा मुस्लिम समाज और वक्फ बोर्ड सरकार से यह मांग करता है कि पाकिस्तान परस्त आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

वहीं जय हिंद सेना ने भारत माता चौराहे पर प्रदर्शन कर पाकिस्तान का पुतला फूंका। पुराने शहर के चार बत्ती चौराहे पर कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में मुस्लिम महिलाएं और बच्चियां भी मौजूद थीं। प्रदर्शन के दौरान आतंकवाद मुर्दाबाद मोदी जी 56 इंच का सीना दिखाना होगा के नारे लगाए गए। यहाँ मौजूद मुस्लिम समाज की महिलाओं और छात्राओ ने घटना पर अफसोस जताते हुए इसे कायराना कृत्य बताया जिन्होंने ये किया उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होना चाहिए। कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने कहा देश शहीदों के साथ है। आतंकवाद का कोई मजहब नहीं होता। आतंकवाद के खिलाफ पूरा देश एकजुट होकर एक साथ खड़ा है, सरकार को अब आतंकवाद को जड़ से मिटाने के लिए जो कर सकते हैं वह करना चाहिए।

### हड़ताली कर्मचारियों ने दी मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि



कुकुट विकास निगम के हड़ताली कर्मचारियों ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियो के द्वारा कायरतापूर्ण तरीके मारे गए लोगों के लिए आज कोटरा स्थित कुकुट्ट विकास निगम के गेट के बाहर मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजली दी और नरसंहार की निंदा की। कुक्कुट विकास निगम के संविदा कर्मचारी पिछले 22 दिन से अपनी मांगो को लेकर संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश राठौर के नेतृत्व में अनिश्चित कालीन हड़ताल पर हैं। पहलगांव में आतंकवादियो के द्वारा निर्दोश लोगों पर गोलियां चलाकर उनकी हत्या की । महासंघ के अध्यक्ष रमेश राठौर के नेतृत्व में प्रधान मंत्री और देश के गृह मंत्री से आतंकवादियों को ढूंढकर फांसी देने की मांग की ।

## शहीदों को श्रद्धांजलि, केंद्र सरकार से कठोर कार्रवाई की मांग



प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक, कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य कमलेश्वर पटेल, विधायक फूल सिंह बरैया, और विधायक आरिफ मसूद ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए जघन्य आतंकी हमले की कठोर निंदा की। इस हमले में शहीद हुए 27 भारतीय नागरिकों और जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नेताओं ने उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए श्री पटवारी ने कहा कि पहलगाम में हुआ आतंकी हमला न केवल एक कायराना कृत्य है, बल्कि यह भारत की एकता, अखंडता और शांति के खिलाफ एक सुनियोजित साजिश है। इस हमले में भारतीय नागरिकों की शहादत ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। मध्य प्रदेश की जनता, विशेष रूप से इंदौर के नागरिक, जो इस हमले में शहीद हुए, उनके बलिदान को कभी नहीं भुलाया जा सकेगा। पूरा देश इस संकट की घड़ी में एकजुट है और केंद्र सरकार के साथ मजबूती से खड़ा है। हमारी मांग है कि केंद्र सरकार भारत विरोधी ताकतों और आतंकी संगठनों को नेस्तनाबूद करने के लिए तत्काल और कठोर कार्रवाई करे। नायक ने कहा कि यह आतंकी हमला मानवता के खिलाफ एक जघन्य अपराध है। पहलगाम में हुए इस हमले ने न केवल हमारे जवानों और नागरिकों की जान ली, बल्कि यह देश की सुरक्षा और संप्रभुता पर भी एक गंभीर प्रहार है। कमलेश्वर पटेल ने कहा कि मध्य प्रदेश की जनता ने हमेशा देश की एकता और अखंडता के लिए बलिदान दिया है। हमारी पार्टी शहीदों के परिजनों के साथ हर कदम पर खड़ी है । केंद्र सरकार को चाहिए कि वह आतंकवाद के खिलाफ अपनी रणनीति को और प्रभावी बनाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। विधायक फूल सिंह बरैया और विधायक आरिफ मसूद ने भी इस अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी देश की सुरक्षा और शांति के लिए हमेशा सरकार के साथ सहयोग करने को तैयार है।

## आदमपुर खंती में अभी भी सुलग रही आग

**भोपाल ( काप्र )।** राजधानी की सबसे बड़ी आदमपुर कचरा खंती में मंगलवार से आग सुलग रही है। इससे आसपास के गांवों में धुआं ही धुआं है। यह 10 किलोमीटर दूर भोपाल से भी दिखाई दे रहा है। धुएं की वजह से ग्रामीणों की आंखों में जलन भी हो रही है। अब तक करीब तीन लाख टन कचरे में आग लग चुकी है। कचरे का धुआं पड़रिया, बिलखिरिया, शांति नगर, समरधा, अर्जुन नगर, हरिपुरा व छावनी के लोगों के लिए मुसीबत बन रहा है, क्योंकि कई लोगों को आंखों में जलन हो रही है। जनपद सदस्य संतोष प्रजापति ने बताया कि धुएं की वजह से रातभर सो नहीं सके। सुबह भी धुआं निकल रहा है। खंती के आसपास करीब 12 हजार आबादी रहती है। बता दें कि आदमपुर कचरा खंती में एक दिन पहले मंगलवार दोपहर 1 बजे भीषण आग लग गई थी। आग बेकाबू हो गई थी। हालांकि, रात तक यह काबू में आई, लेकिन कचरा अधिक होने से यह फिर से सुलग गई। बुधवार दोपहर में भी धुआं निकल रहा था। भोपाल में हर दिन 800 मीट्रिक टन कचरा निकलता है। एक्सपर्ट के मुताबिक, कचरे की पूरी प्रोसेसिंग नहीं होती। सूखा कचरा सीमेंट प्लांट को नहीं भेजा जा रहा। इससे खंती में कचरा इकट्ठा होता रहा और तापमान बढने् से मीथेन गैस बनी। इससे आग भड़की, जो अब तक पूरी तरह से नहीं बुझ सकी है।

## मंडीदीप में गेल प्लांट में गैस लीक होने से मची अफरा-तफरी




**भोपाल( काप्र )।** राजधानी के नजदीकी मंडीदीप स्थित गेल प्लांट में मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात करीब 12 बजे गैस लीक होने से हंड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही फायर सेफ्टी टीम मौके पर पहुंची। कई घंटो की मशक्क्त के बाद बुधवार सुबह करीब 10 बजे गैस लीक को रोका जा सका।एहतियातन एनडीआरएफ और एसडीईआर की टीम को भी बुला लिया गया। प्लांट के एक किलोमीटर के दायरे में बैरिकेड्स लगाकर आवागमन को पूरी तरह से रोक दिया गया। नगर पालिका मंडीदीप के फायर फाइटर्स को भी बुला लिया गया। वहीं सतलापुर और मंडीदीप पुलिस, होमगार्ड की टीम भी तैनात रही। प्रबंधन का कहना है कि रिसाव को नियंत्रित कर लिया गया है। किसी तरह के नुकसान की आशंका नहीं है। वहीं कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा, एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव, एसडीपीओ शीला सुरणा और नायब तहसीलदार नीलेश सरवटे ने प्लांट का निरिक्षण किया। इसके साथ ही जयपुर से गेल की सेफ्टी टीम प्लांट का सेफ्टी ऑडिट करने पहुंच गई है।

## पहलगाम हमले में इंदौर के सुशील नथानियल की मृत्यु पर जताया शोक

**भोपाल( काप्र )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले में इंदौर निवासी सुशील नथानियल की असामयिक मृत्यु पर गहन शोक व्यक्त किया। उन्होंने बाबा महाकाल से दिवंगत पुण्यात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। डॉ. यादव ने बुधवार को मीडिया को जारी संदेश में कहा कि सुशील नथानियल अलीराजपुर में एलआईसी कार्यालय में पदस्थ थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि वे स्वयं इंदौर में श्री नथानियल की पार्थिव देह पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। प्रदेश सरकार हमले में घायल श्री नथानियल की बेटी आकांक्षा की मदद के लिए हर स्तर पर प्रयास कर रही है। दुख की इस घड़ी में सरकार मृतक के परिवार के साथ है। डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित पूरा केंद्रीय नेतृत्व इस मामले पर पल-पल नजर रखे हुए हैं। कश्मीर में पर्यटकों पर हमला पाकिस्तान की कायराना हरकत है। यह घटनाक्रम पूरे देश पर वज्रपात के समान है। पाकिस्तान और उसके हिमायती दहशतगर्दों को इस हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए पूरा देश एकजुट है।

## भीषण गर्मी का अलर्ट,43 डिग्री पार जाएगा पारा

**भोपाल ( काप्र )।** मध्यप्रदेश में अप्रैल के आखिरी दिनों में भीषण गर्मी का अलर्ट है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर समेत कई शहरों में पारा 43 डिग्री के पार पहुंच सकता है, जबकि खजुराहो, नौगांव, पन्ना, सीधी में तापमान 45 डिग्री या इससे अधिक रह सकता है। वहीं, लू भी चलेगी। प्रदेश के 6 जिलों में लू का अलर्ट है। इनमें निवाड़ी, टीकमगढ़, पन्ना, सतना, सीधी और सिंगरौली जिले शामिल हैं। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर समेत अन्य शहरों में भी तेज गर्मी रहेगी। अप्रैल के पहले, दूसरे और



तीसरे सप्ताह में तेज गर्मी और बारिश का दौर बना रहा। पहले सप्ताह में सभी संभागों में सामान्य से 2-3 डिग्री ज्यादा 21-24 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, दिन में पश्चिमी गर्म हवाओं के कारण अधिकतम तापमान इंदौर, सागर और नर्मदापुरम संभागों में सामान्य से ज्यादा 39 से 44 डिग्री तक पहुंच गया। उज्जैन, भोपाल, ग्वालियर समेत बाकी संभागों में यह 41 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। पहले सप्ताह रतलाम में लू चल चुकी है। वहीं, बाकी शहरों में गर्म हवाओं से गर्मी बढ़ी रही। दूसरे सप्ताह में पूरे प्रदेश में तेज आंधी, बारिश, ओले और गरज-चमक की स्थिति बनी रही। प्रदेश के 80 प्रतिशत हिस्से में बारिश हुई। दूसरी ओर, कुछ जिलों में गर्मी का असर भी रहा। तीसरे सप्ताह में उत्तर-पश्चिमी हवाओं के जोर पकड़ने के साथ इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, चंबल, सागर, रीवा, नर्मदापुरम संभागों में न्यूनतम तापमान 25 से 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। वहीं, पूरे प्रदेश में दिन में अधिकतम तापमान 40 से 44 डिग्री सेल्सियस या इससे ज्यादा रहा। कई जिलों में लू भी चली।

## उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने ई-एचआरएमएस मॉड्यूल की समीक्षा की



**भोपाल( काप्र )।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली मॉड्यूल (ई-एचआरएमएस) की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मॉड्यूल मध्यप्रदेश सरकार की स्थानांतरण नीति के सिद्धांतों एवं प्राथमिकताओं के अनुरूप हो। श्री शुक्ल ने कहा कि स्थानांतरण नीति का पूर्णत: पालन सुनिश्चित करते हुए प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और निष्पक्ष बनाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मॉड्यूल में सभी आवश्यक मापदंडों का समावेश इस तरह से किया जाए कि किसी भी कर्मचारी को अनावश्यक कठिनाई का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के स्थानांतरण पर लागू प्रतिबंध अगले कुछ दिनों में हटाया जाने वाला है। इसी समयावधि को ध्यान में रखते हुए ई-एचआरएमएस मॉड्यूल की अंतिम टेस्टिंग पूर्ण कर ली जाए, जिससे प्रतिबंध हटते ही स्थानांतरण प्रक्रिया बिना किसी बाधा, सुगमता और पारदर्शिता के साथ संचालित की जा सके। श्री शुक्ल ने कहा कि यह मॉड्यूल प्रदेश में मानव संसाधन प्रबंधन को तकनीकी दृष्टि से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल कार्यप्रणाली में पारदर्शिता आएगी, बल्कि कर्मचारियों के बीच विश्वास भी सुदृढ़ होगा।

## पुस्तक पढ़ने का आनंद सबसे श्रेष्ठः मुख्यमंत्री

**भोपाल( काप्र )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व पुस्तक दिवस की प्रदेशवासियों को बधाई दी है। उन्होंने आशा की है कि सभी पुस्तक मेले का भरपूर लाभ उठाएँगे। उन्होंने आह्वान किया कि विश्व पुस्तक दिवस पर प्रत्येक व्यक्ति कोई न कोई पुस्तक अपने पास अवश्य रखे। पुस्तक पढ़ने का जो आनंद है, वह सबसे श्रेष्ठ है। खासकर जब हमारी लाइब्रेरी समृद्ध होती है, तो वह ज्ञानार्जन में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वप्न, राष्ट्रीय शिक्षा नीति की भावना तथा केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की दूरदर्शिता से, देश के इतिहास में पहली बार मेडिकल एजुकेशन सहित समस्त तकनीकी शिक्षा को क्षेत्रीय भाषाओं, राष्ट्रीय भाषा में पढ़ाने का अभियान चलाया गया है, उसमें पुस्तकें एक सशक्त माध्यम बन रही हैं।

### ई-लर्निंग के दौर में भी कम नहीं होगी पुस्तकों के अध्ययन की प्रासंगिकता

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व पुस्तक दिवस (23 अप्रैल) पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि पुस्तकों का जीवन में बड़ा महत्व है, पुस्तकें ज्ञान के भंडार के साथ-साथ हमारे लिए अनुभव, संवेदनाओं एवं प्रगति का प्रामाणिक दस्तावेज हैं, जिनके अध्ययन से जीवन को सदैव नई दिशा मिलती है।

## डिजिटल एमबी के माध्यम से ही होगा वेंडर, कांट्रेक्टरों का भुगतानः तोमर

भोपाल(काप्र)।

**एमपी ट्रांसको (मध्य प्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी) ने अपने कार्यालयीन प्रक्रियाओं में नई तकनीकों के समावेश को आगे बढ़ाते हुए डिजिटाइजेशन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।**

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने जानकारी दी कि मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यों के बिलों का भुगतान, जो पूर्व में भौतिक मापन पुस्तिका में मैन्युअल प्रविष्टि के बाद होता था, अब वह डिजिटल एमबी के माध्यम से ही होगा। एमपी ट्रांसको के विभिन्न विभागों में इसका उपयोग करना अनिवार्य कर दिया गया है। श्री तोमर ने बताया कि अब संपूर्ण मध्यप्रदेश में एमपी ट्रांसको के कार्यालयों में शत प्रतिशत पारदर्शिता के साथ वेंडर, ठेकेदारों आदि के बिल डिजिटल एम.बी. के माध्यम से भुगतान किये जा रहे हैं। इससे न केवल भुगतान की प्रक्रिया आसान हुई है बल्कि वेंडर, कॉन्ट्रेक्टर आदि भी अपने बिलों की करंट स्टेट्स से अवगत रहते हैं। साथ ही उन्हें निर्धारित समय पर भुगतान प्राप्त भी हो रहा है।

**इन हाउस विकसित किया:** एमपी ट्रांसको के अधीक्षण अभियंता अजय पांडे ने बताया कि इस डिजिटल एमबी को कंपनी की आईटी एवं ईआरप. सेल ने कंपनी के वित्तीय विभाग से समन्वय बनाकर इनहाउस विकसित किया है। डिजिटल एम.बी. में वेंडर और कॉन्ट्रेक्टर की उनके द्वारा किए गए कार्यों के पार्ट पेमेंट का नियमानुसार भुगतान करने की भी सुविधा दी गई है। सॉफ्टवेयर से किए गए कार्य, उपयोग हुआ मटेरियल और शेष कार्य तथा मटेरियल की गणना कर भुगतान की राशि निकल आती है।

**क्या है डिजिटल एम.बी:** डिजिटल एम.बी. एक डिजिटल मापन पुस्तिका है। यह सरकारी कार्यालयों में बाहरी एजेंसी द्वारा किए गए कार्यों, सप्लाई किये गए मटेरियल के बदले भुगतान प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण अभिलेख होता है। यह किए गए कार्य की वास्तविक माप या गिनती का मूल अभिलेख कहलाता है।